Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

हाईवे चैनल

वर्ष- 27 ◘ अंक- 352 ◘ रायपुर, बुधवार 15 जनवरी 2025 ◘ पृष्ठ-8 ◘ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • बिलासपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

महादेव सट्टा चलाने का आरोपी रवि मिश्रा गिरफ्तार एक आरोपी फरार, रिमांड में लेकर पुलिस करेगी पूछताछ

दुर्ग/भिलाई, 15 जनवरी (हाईवे चैनल)। दुर्ग जिले के भिलाई में महादेव आनलाइन सट्टा चलाने वाले फरार आरोपी रविकांत मिश्रा और गोविंदा चौहान में से पुलिस ने रवि मिश्रा को गिरफ्तार कर लिया है। गोविंदा चौहान की तलाश की जा रही है। पुलिस रवि का पुलिस रिमांड लेगी इसके बाद उससे आगे की पूछताछ की जाएगी कि उसे ऑनलाइन सट्टा की आईडी किसने दी। सुपेला थाने से मिली जानकारी के मुताबिक रविकांत मिश्रा और गोविंदा चौहान के खिलाफ सितंबर 2024 में मामला दर्ज किया गया था। तब से दोनों आरोपी फरार था। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली थी कि रवि मिश्रा और गोविंदा चौहान दोनों भिलाई में ही छिपकर रह रहे हैं।

इतना ही नहीं रवि मिश्रा ने फरारी के दौरान ही एक लड़की से सगाई तक कर ली है। इसके बाद पुलिस एक्टिव हुई। मंगलवार देर रात सुपेला पुलिस की एक टीम रवि मिश्रा के फ्लैट में पहुंची और उसे वहां गिरफ्तार कर थाने लाई। पुलिस अभी इस गिरफ्तारी की अधिकारिक पुष्टि नहीं कर रही है, लेकिन सूत्रों के मुताबिक पता चला है कि उसे आज शाम कोर्ट में पेश किया जाएगा और पुलिस रिमांड में लिया जाएगा।

पुलिस रवि मिश्रा का पुलिस रिमांड आज कोर्ट से लेगी। इसके बाद उससे पूछताछ की जाएगी कि वो महादेव की आईडी कहां से लाया। महादेव सट्टा से जुड़े किन किन लोगों के साथ वो काम करता था। उसने फर्जी खातों का इंतजाम कैसे किया। इस पूछताछ में रवि मिश्रा कई चौकाने वाले नामो का खुलासा कर सकता है। रवि मिश्रा और गोविंदा चौहान कुछ समय पहले तक एक मध्यम वर्ग परिवार के लड़के थे। इसके बाद दोनो ने एक न्यूज पोर्टल खोला और फिर उसकी आड़ में महादेव आईडी का संचालन करवाने लगे। देखते ही देखते कुछ महीने के अंदर ही दोनो के पास खुद का मकान फ्लैट, थार और स्कार्पियो गाड़ी आ गई। महंगी बाइक आ गई। इतना ही नहीं उनके खाते में 1 करोड़ 65 लाख रुपए का ट्रांजेक्शन भी पाया गया था। इसके बाद पुलिस ने दोनों के खिलाफ धारा 420 का मामला दर्ज किया था।

तेज रफ्तार कार के पलटने से 2 युवतियों की मौत

बिलासपुर, 15 जनवरी (हाईवे चैनल)। तेज रफ्तार कार के पलटने से दो युवतियों की मौत हो गई। दोनों मनाली टूर से लौटकर बिलासपुर के रास्ते कोरबा जा रहे थे। इस घटना का अब वीडियो सामने आया है। घटना पाली थाना क्षेत्र की है। जानकारी के मुताबिक, मरने वालों की पहचान मोनिका चटर्जी (26) और दीक्षा राठौर (23) के रूप में हुई है। दोनों कोरबा के एमपी नगर कॉलोनी में रहते थे। दीक्षा राठौर लिपिक वर्ग कर्मचारी संघ के अध्यक्ष सीपी राठौर की बेटी थी। उसकी मां प्रधान पाठक हैं।

कर्मचारी संघ के अध्यक्ष सीपी राठौर एवं प्रधान पाठक की बेटी थी

बताया जा रहा है कि, दोनों युवतियां अपने दोस्तों के साथ मनाली घूमने गई थी। मंगलवार को वापस आने पर बिलासपुर से अपने दोस्त देवराज के साथ घर लौट रहे थे। इसी दौरान नेशनल हाईवे पर दोपहर करीब 3 बजे डिस्पोजल चौक के पास उनकी तेज रफ्तार कार अनकंट्रोल हो गई। कार क्रमांक सीजी 12 एएल 2600 को देवराज चला रहा था। हाई स्पीड होने के कारण उसने कंट्रोल खो दिया जिससे कार स्किड होकर सड़क किनारे पलट गई। हादसे में कार के परखच्चे उड़ गए। दोनों लड़कियों की मौके पर मौत हो गई। जबकि पुरानी बस्ती निवासी देवराज गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके सीने और सिर पर गंभीर चोटें आई हैं।

ब्रेकिंग न्यूज

मायावती का जन्मदिन योगी और अखिलेश ने दी बधाई

नई दिल्ली, 15 जनवरी (न्यूज चैनल)। बहुजन समाज पार्टी की मुखिया मायावती आज यानि बुधवार को अपना 69वां जन्मदिन मना रही हैं। पार्टी के कार्यकर्ता इस दौरान जिले स्तर पर विचार गोष्ठियों का आयोजन करेंगे। वहीं मायावती माल एवेन्यू स्थित पार्टी के प्रदेश कार्यालय पर कार्यकर्ताओं और समर्थकों के लिए संदेश जारी करेंगी। साथ ही आज मायावती अपनी किताब मेरे संघर्षमय जीवन वह बसपा मुवमेंट का सफरनामा का विमोचन भी करेंगी। मायावती के जन्मदिन के मौके पर अखिलेश यादव और सीएम योगी आदित्यनाथ ने उन्हें बधाई दी है। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव इस समय हरिद्वार में हैं। इस मौके पर उन्होंने एक्स पर मायावती को जन्मदिन की बधाई देते हुए उनके अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। वहीं, उत्तर प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ ने भी मायावती को जन्मदिन की बधाई दी तथा उनके प्रभु श्री राम से आपके लिए दीर्घायु और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की है।

पूजा खेड़कर को सुप्रीम कोर्ट से मिल गई बड़ी राहत

नई दिल्ली, 15 जनवरी (न्यूज चैनल)। सुप्रीम कोर्ट ने सिविल सेवा परीक्षा में धोखाधड़ी और गलत तरीके से ओबीसी और विकलांगता कोटा लाभ लेने की आरोपी पूर्व आईएएस प्रोबेशनर पूजा खेडकर को 14 फरवरी तक गिरफ्तारी से राहत दी। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने अग्रिम जमानत की मांग करने वाली खेडकर की याचिका पर दिल्ली सरकार और संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) को नोटिस जारी किया। मामले को 14 फरवरी (शुक्रवार) को सुनवाई के लिए पोस्ट किया गया 14 जनवरी को, सिविल सेवा परीक्षा में धोखाधड़ी और गलत तरीके से ओबीसी और विकलांगता कोटा लाभ लेने की आरोपी पूर्व आईएएस प्रोबेशनर पूजा खेडकर ने अग्रिम जमानत के लिए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। खेडकर ने 23 दिसंबर 2024 के दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दी है, जिसने उन्हें अग्रिम जमानत देने से इनकार कर दिया था। उच्च न्यायालय ने कहा कि खेडकर के खिलाफ प्रथम दृष्टया एक मजबूत मामला बनता है और सिस्टम में हेरफेर करने की बड़ी साजिश का पता लगाने के लिए जांच की आवश्यकता है।

अभनपुर में दर्दनाक हादसा, स्कूटी सवार के हुए दो टुकड़े

रायपुर, 15 जनवरी (हाईवे चैनल)। रायपुर में एक ट्रक ने इलेक्ट्रिक स्कूटी को टक्कर मार दी। हादसे में एक युवक की मौत हो गई है। उसके लाश के दो टुकड़े हो गए। वहीं, दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जा रहा है कि, दोनों गाड़ियों के बीच आमने-सामने भिड़ंत हुई थी। मामला अभनपुर थाना क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार, अभनपुर थाना इलाके के कल्पतरू प्लांट के पास सोमवार रात अज्ञात ट्रक ने इलेक्ट्रिक स्कूटी को जबरदस्त टक्कर मार दी। जिससे स्कूटी सवार सड़क पर गिर गया। फिर आरोपी वाहन चालक उसे कुचलते हुए निकल गया। हादसा इतना दर्दनाक था कि एक युवक की लाश के दो टुकड़े हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची।

मृतक की पहचान शुभम जांगड़े पिता संतोष जांगड़े (23) के रूप में की गई। वह बोरिया खुर्द का रहने वाला था। वहीं, घायल युवक की पहचान रुद्रा प्रताप मारकंडे पिता बद्री मारकंडे (22) के रूप में हुई है। वो सिवनी रायपुर का रहने वाला है। उसकी भी हालत गंभीर है। पुलिस ने घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया है। फिलहाल पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुट गई है।

मोदी ने युद्धपोतों आईएनएस सूरत, नीलगिरि और वाघशीर को राष्ट्र को समर्पित किया

नई दिल्ली, 15 जनवरी (न्यूज चैनल)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार सुबह घनघोर कोहरे के बीच दिल्ली से मुंबई पहुंचे। यहां उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी ने मुंबई के नौसेना डॉकयार्ड में नौसेना के तीन अग्रणी युद्धपोतों डुब्ब सूरत, डुब्ब नीलगिरि और डुब्ब वाघशीर को राष्ट्र को समर्पित किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि तीन फ्रंटलाइन नौसैनिक युद्धपोतों के नौसेना में शामिल होने से रक्षा क्षेत्र में वैश्विक नेतृत्वकर्ता बनने की भारत की कोशिशों को मजबूती मिलेगी तथा आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रयास बढ़ेगा।

तीन प्रमुख नौसैनिक युद्धपोतों का जलावतरण रक्षा निर्माण और समुद्री सुरक्षा में वैश्विक रूप से अग्रणी बनने के भारत के दृष्टिकोण को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

पी15बी गाइडेड मिसाइल डिस्ट्रॉयर परियोजना का चौथा और अंतिम युद्धपोत आईएनएस सूरत दुनिया के सबसे बड़े और सबसे परिष्कृत विध्वंसक युद्धपोतों में से एक है। इसमें 75 प्रतिशत स्वदेशी सामग्री है और यह अत्याधुनिक हथियार-सेंसर पैकेज और ऊंचा नेटवर्क-केंद्रित क्षमताओं से लैस है।पी17ए स्टील्थ फ्रिगेट परियोजना का पहला युद्धपोत आईएनएस नीलगिरि, भारतीय नौसेना के युद्धपोत डिजाइन ब्यूरो द्वारा डिजाइन किया गया है। इसे बढ़ी हुई क्षमता, समुद्र में लंबे समय तक रहने तथा स्टील्थयुक्त ऊंचा सुविधाओं के साथ नौसेना में शामिल किया गया है। यह स्वदेशी फ्रिगेट की अगली पीढ़ी को दर्शाता है। पी75 स्कॉर्पीन परियोजना की छठी और अंतिम पनडुब्बी आईएनएस वाघशीर, पनडुब्बी निर्माण में भारत की बढ़ती विशेषज्ञता का प्रतिनिधित्व करती है। इसका निर्माण फ्रांस के नौसेना समूह के सहयोग से किया गया है।

सेना प्रमुख ने बढ़ाया जवानों का हौसला, कहा- देश की प्रगति और विकास में सेना की अहम भूमिका

नई दिल्ली, 15 जनवरी (न्यूज चैनल)। सेना दिवस पर बुधवार को सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने पुणे में सेना दिवस परेड में हिस्सा लिया। इस मौके पर उन्होंने देश की सीमाओं पर सेना की स्थिति बताई। साथ ही वीरता सेना पदक और अन्य पुरस्कार प्रदान किए। सेना प्रमुख ने कहा कि देश की प्रगति और विकास में भारतीय सेना की अहम भूमिका है। वहीं नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी ने भी सभी सैनिकों, अधिकारियों और परिवारों को शुभकामनाएं दीं। पुणे में परेड के दौरान सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा कि उत्तरी सीमाओं पर स्थिति स्थिर है, लेकिन संवेदनशील भी है। हमारी सेना किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार और सक्षम है। उत्तरी सीमाओं पर आधुनिक उपकरण और महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे के विकास पर विशेष ध्यान दिया गया है। उन्होंने कहा कि पश्चिमी सीमा में नियंत्रण रेखा पर संघर्ष विराम लागू है, लेकिन घुसपैठ की कोशिशें जारी हैं। जम्मू-कश्मीर के आंतरिक क्षेत्रों में सुरक्षा बलों के निरंतर प्रयासों के परिणामस्वरूप हिंसा में कमी आई है। पिछले साल संसद, विधानसभा चुनाव और अमरनाथ यात्रा का शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न होना सुरक्षा स्थिति में सुधार को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि आज हमारा देश एक नए युग की दहलीज पर खड़ा है और विकसित भारत के लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है। हमारे देश को प्रगति और विकास के पथ पर आगे बढ़ने के लिए एक स्थिर और सुरक्षित वातावरण की आवश्यकता है, जिसमें भारतीय सेना एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

मोहन भागवत ने किया संविधान का अपमान : राहुल गांधी

कांग्रेस पार्टी के नए कार्यालय का उद्घाटन

नई दिल्ली, 15 जनवरी (न्यूज चैनल)। कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने बुधवार को पार्टी के नए कार्यालय का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम में कांग्रेस और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि मोहन भागवत ने संविधान पर हमला किया। यह देशद्रोह और संविधान का अपमान है।

राहुल गांधी ने कहा कि कल मोहन भागवत ने कहा कि संविधान हमारी स्वतंत्रता का प्रतीक नहीं है। लेकिन इसके बाद भी पंजाब, कश्मीर, पूर्वोत्तर में हमारे हजारों कार्यकर्ता मारे गए। मगर कांग्रेस फिर भी कुछ खास मूल्यों के लिए खड़ी रही है। हम इस इमारत में उन मूल्यों को देख सकते हैं। उन्होंने कहा कि पश्चिमी दुनिया स्वयं से बाहर पर ध्यान केंद्रित करती है, जबकि भारतीय सोच का तरीका स्वयं को समझने के बारे में है। भारत में भी स्वयं के बारे में दो दृष्टिकोण हैं, जो संघर्ष है। एक हमारा संविधान का विचार और दूसरा आरएसएस का विचार है।

उन्होंने कहा कि मोहन भागवत हर 2-3 दिन में देश को यह बताते हैं कि वे स्वतंत्रता आंदोलन और संविधान के बारे में क्या सोचते हैं? कल उन्होंने जो कहा वह देशद्रोह है। भागवत ने कहा कि संविधान अमान्य है और अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई अमान्य थी। भारत में उन्हें सार्वजनिक रूप से यह कहने की हिम्मत है। किसी अन्य देश में अगर वे ऐसा कहते तो उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाता और उन पर मुकदमा चलाया जाता। यह कहना कि भारत को 1947 में आजादी नहीं मिली हर भारतीय का अपमान है।

केजरीवाल पर मुकदमा चलाने की मंजूरी

नई दिल्ली, 15 जनवरी (न्यूज चैनल)। शराब घोटाले मामले में गृह मंत्रालय ने दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर मुकदमा चलाने की अनुमति दे दी है। मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को केजरीवाल के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी दी गई है। इससे पहले बीते साल नवंबर में सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया था कि लोकसेवक के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए प्राधिकरण से मंजूरी लेनी होगी। ईडी ने शराब घोटाले में अरविंद केजरीवाल को मास्टरमाइंड और किंगपिन बताया था।

सूत्रों के हवाले से समाचार एजेंसी एएनआई ने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को शराब घोटाला मामले से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग में कथित संलिप्तता के लिए दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत मुकदमा चलाने के लिए अधिकृत किया है। अधिकारियों ने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के खिलाफ मुकदमा चलाने करने के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को मंजूरी दे दी है। संघीय एजेंसी ने केजरीवाल (56) को पिछले साल मार्च में गिरफ्तार करने के बाद विशेष धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) अदालत के समक्ष उनके खिलाफ आरोपपत्र दायर किया था।

पहले दो दिनों में 5 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं ने पवित्र डुबकी लगाई

नई दिल्ली, 15 जनवरी (न्यूज चैनल)। प्रयागराज में देश ही नहीं, एशिया से लेकर यूरोप तक के संस्कृति प्रेमियों ने एक तट पर पुण्य की डुबकी लगाई। आस्था की लहरें हिलोरें मारने लगीं। तीर्थराज में उजाले की एक किरण तक नहीं निकली थी कि हाड़ कंपा देने वाली ठंड के बीच महाकुंभ नगर में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा था।

13 जनवरी से शुरू हुए 45 दिवसीय महाकुंभ के तीसरे दिन भी श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम पर पवित्र डुबकी लगाना जारी रखा। पृथ्वी पर मनुष्यों की सबसे बड़ी भीड़ माने जाने वाले इस कुंभ के पहले दो दिनों में पांच करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने पवित्र डुबकी लगाई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली उत्तर प्रदेश सरकार ने हेलीकॉप्टरों से भव्य पुष्प वर्षा का आयोजन किया, जिसमें संगम तट पर मौजूद लाखों श्रद्धालुओं पर गुलाब की पंखुड़ियां बरसाई गईं। प्रयागराज में बीती 13 जनवरी पौष पूर्णिमा से शुरू हुए 45 दिनों के महाकुंभ के तीसरे दिन भी त्रिवेणी संगम पर श्रद्धालुओं का आना जारी है। आज भी श्रद्धालु संगम तट पर स्नान कर रहे हैं। पहले दो दिनों में 5 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं ने पवित्र डुबकी लगाई। प्रयागराज में श्रद्धालुओं ने 45 दिवसीय महाकुंभ 2025 के तीसरे दिन गंगा, यमुना और %रहस्यमय% सरस्वती नदियों के पवित्र त्रिवेणी संगम घाट पर डुबकी लगाई।

बिहार विधान परिषद उपचुनाव के नतीजे घोषित करने पर सुप्रीम कोर्ट की रोक

नई दिल्ली, 15 जनवरी (न्यूज चैनल) सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को बिहार विधान परिषद उपचुनाव के नतीजे घोषित करने पर रोक लगा दी। यह सीट पहले राजद से निष्कासित नेता सुनील कुमार सिंह के पास थी। पिछले साल 26 जुलाई को सुनील कुमार सिंह को सदन में अभद्र व्यवहार की वजह से बिहार विधान परिषद से निष्कासित कर दिया गया था। राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद और उनके परिवार के करीबी माने जाने वाले नेता पर 13 फरवरी 2024 को सदन में तीखी नोकझोंक के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के खिलाफ नारेबाजी करने का आरोप है।

उपचुनाव के नतीजे कल 16 जनवरी को घोषित होने थे। सुनील कुमार सिंह की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने न्यायमूर्ति सूर्यकांत और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की पीठ को बताया कि सीट के लिए उपचुनाव के नतीजे 16 जनवरी को घोषित किए जा सकते हैं। इसकी वजह यह है कि चुनाव निर्विरोध हुआ है। पीठ ने कहा कि चूंकि वह पहले से ही मामले पर

बिरादरी की बात

चूहा- सुनती हो, अखिलेश यादव ने गंगा में डुबकी लगा ली है। चुहिया- हां जी, अब फिर झूठे वादे करने का साहस तो कर सकते हैं।